# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-27.10.2025**

**विषयः- RRMV कंपनी द्वारा नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करते हुये जबरन पैसा जमा कराने व साइबर स्लेव बनाने के मामले में 11 नफर वाछित नामजद अभियुक्तगण को थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया , तथा 38 पीड़ितों को रेस्क्यू किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-513/2025 धारा 319(2),318(4),336(3),338,340(2),3(5) बीएनएस थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित नामजद 11 नफर अभियुक्तगण को दिनांक 27.10.2025 समय करीब 09.00 बजे थाना सारनाथ परिसर से गिरफ्तार किया गया। उक्त के आधार पर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.अमन वर्मा पुत्र जितेन्द्र वर्मा निवासी ग्राम पूरे मिताई अहमद जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 30 वर्ष।
2.अनुराग पुत्र राज बहादूर निवासी कस्तूरीपुर हरिकिशुन थाना होलागढ जनपद प्रयागराज उम्र करीब 19 वर्ष।
3.प्रदीप कुमार पुत्र लालजी निवासी धरवारा करछना प्रयागराज उम्र करीब 20 वर्ष।
4.अनीस तिवारी पुत्र उमाशंकर तिवारी निवासी मुजफ्फरपुर थाना करजा बिहार उम्र करीब 23 वर्ष।
5.अलोक श्रीवास्तव पुत्र सुमनजी श्रीवास्तव निवासी चिकनघर कल्यान वेस्ट जनपद ठाने मुम्बई उम्र करीब 41 वर्ष।
6.राजू शुक्ला पुत्र शशिकान्त शुक्ला निवासी सूर्यामा जनपद भदोही उम्र करीब 22 वर्ष।
7.विकास कुमार पुत्र राजेश्वर सिंह निवासी ग्राम महुआ जनपद वैशाली उम्र करीब 23 वर्ष।
8.सुहेल शेख पुत्र असलम शेख निवासी ग्राम कतरासगढ जनपद धनबाद राज्य झारखंड उम्र करीब 20 वर्ष।
9.मो0 अय्यूब पुत्र मो0 याकूब निवासी ग्राम सरदार केपुरवा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष।
10.आकाश चन्द पुत्र स्व0 ध्रुव प्रताप चन्द्र निवासी नर्रेबुजुर्ग थाना गगहा जनपद गोरखपुर उम्र करीब 24 वर्ष।
11.रविप्रकाश पुत्र विनोद सिंह निवासी ग्राम कर्मापुर जनपद कैमूर भभवां बिहार उम्र करीब 27 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

दिनांक- 27.10.2025 समय करीब करीब 9.00 बजे, थाना सारनाथ परिसर कमिश्नरेट वाराणसी।

**बरामदगी का विवरण-**

22 अदद फर्जी डिजिटल नियुक्ति पत्र 19 अदद रुम मैनेजमेंट फार्म 10 अदद घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 26.10.2025 को वादी मुकदमा ने प्रतिवादीगण RRMV इंस्टीटयूट द्वारा वादी व अन्य लोगो को नौकरी दिलाने का आफर देकर पूरे उत्तरप्रदेश के विभिन्न जनपद के लोगो को नौकरी देने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र भेजते है और लोगो को ब्रान्च पर बुलाकर पैसै लेते है जिसमें 2850/- रुपये रुम रेन्ट खाने रहने के नाम पर व बाकी के पैसे कपडे बेचने के नाम पर लेते है। हम लोग जब क्लास शुरु करते है तो जानकारी होती है कि हम लोगो को अपने नीचे और लोगो को जोडकर चैन बनाकर , RRMV कम्पनी के कपडे बेचने है जिसके लिए हमे कमीशन मिलेगा । लेकिन इन लोगो ने जो हम लोगो को नियुक्ति पत्र दिया है उसमें RRMV कम्पनी का नाम पता कही नही रहता है उसमें ये लोग TEXTILE INDUSTRY पता अशोका नियर ट्रेण्ड पहडिया व GARMENT TEXTILE INDUSTRY PRIVATE LIMITED नियर सुरभी होटल पहडिया सारनाथ वाराणसी जिसकी बेबसाइट https://zeriatex.com का नाम देकर हम लोगो के साथ फ्राड करते है के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया था। **प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से उपरोक्त कम्पनी के विरुद्ध कई पीड़ितों के कम्पलेन भी साइबर सेल टीम को प्राप्त हुये।** उपरोक्त प्रकरण मे **24 लड़के व 14 लड़कियो कुल 38 पीड़ित को रेस्कयू गिया गया।** मुकदमा उपरोक्त से संबधित अभियुक्तगणो को दिनांक 27.10.2025 को समय करीब 09.00 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया व जिसके आधार पर थाना सारनाथ पर सुसंगत धाराओं पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 513/2025 धारा 319(2),318(4),336(3),338,340(2),3(5)बीएनएस थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**थाना सारनाथ टीम-**

थानाध्यक्ष शिवानन्द सिसोदिया, उ0नि0 अनिल कुमार, उ0नि0 मीनू सिंह, उ0नि0 रामअजोर, उ0नि0 विजेता कुमारी , उ0नि0 राहुल यादव, हे0का0 विनीत कुमार सिंह, का0 विनय कुमार , हे0का0 पंकज कुमार सिंह ,का0 सौरभ तिवारी, म0का0 अनुराधा तिवारी।

**साइबर सेल टीम -**

निरी0 मनोज कुमार तिवारी, उ0नि0 कृष्ण कुमार जायसवाल , उ0नि0 हिमांशू त्रिपाठी, का0 अंकित, का0 रोहित तिवारी, का0 आदर्श साइबर टीम कमिश्नरेट वाराणसी।



सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।